(ख) यदि हाँ, तो खंडवा और अजमेर के बीच रेलवे लाईन के कितने भाग को परिवर्तित कर दिया गया है और कितना भाग अभी परिवर्तित किया जाना बाकी रह गया है;

(ग) उक्त मार्ग पर 70 पाउण्ड की रेलवे लाईन डालने के क्या कारण हैं;

(घ) क्या इस मार्ग पर यह परिवर्तन मेल रेल गाड़ियां चलाने के लिये किया गया है जिस के लिये उस क्षेत्र के लोग बार-बार मांग करते रहे हैं; और

(ङ) यदि हाँ, तो इस बारे में क्या कार्यवाही की जा रही है ?

**रेल मंत्री (श्री हनुमंतैया)** (क) जी नहीं।

(ख) से (ङ). सवाल नहीं उठता।

इस खण्ड में डाक गाड़ी चलाने का भी कोई प्रस्ताव नहीं है।

**गोधरा से कोटा तक रेलवे लाईन**

2205. **डा० लक्ष्मीनारायण पांडे** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे बोर्ड को एक ज्ञापन प्राप्त हुआ है जिसमें गोधरा (गुजरात) से कोटा (राजस्थान) तक एक नई रेलवे लाइन का निर्माण करने की मांग की गई है; और

(ख) यदि हाँ, तो इस सम्बन्ध में सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

**रेल मंत्री (श्री हनुमंतैया)** : (क) जी नहीं।

(ख) सवाल नहीं उठता।

**मध्य प्रदेश में पुनासा सिचाई परियोजना**

2206. **श्री गंगा चरण दीक्षित** : क्या सिचाई और विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश की पुनासा सिचाई परियोजना का इस बीच अनुमोदन कर दिया गया है;

(ख) यदि हाँ, तो परियोजना पर कितनी लागत आयेगी; और

(ग) परियोजना की क्रियान्विति में कितनी प्रगति हुई है ?

**सिचाई और विद्युत मंत्रालय में उपमंत्री बैजनाथ कुरील** : (क) भारत सरकार यह उचित नहीं समझती कि नर्मदा बेसिन में किन्हीं नई परियोजनाओं की स्वीकृति पर विचार किया जाए जबकि नर्मदा नदी और उसकी घाटी के बारे में जल-विवाद न्यायाधिकरण के विचाराधीन है।

(ख) और (ग). प्रश्न नहीं उठता।

**बम्बई तथा अमृतसर के बीच चलने वाली अमृतसर एक्सप्रेस रेलगाड़ी**

2207. **श्री गंगा चरण दीक्षित** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बम्बई और अमृतसर के बीच चलने वाली एक्सप्रेस रेलगाड़ी अन्य एक्सप्रेस गाड़ियों की तुलना में धीमी गति होने के कारण वह लोकप्रिय नहीं है; और

(ख) यदि हां, तो इस एक्सप्रेस रेलगाड़ी